रविवार
16 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



बैंकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस चौकन्नी
बगैर पासबुक के बैंकों में प्रवेश पर रोक 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

खबरें फटाफट

सीएपीएफ के लिए अब क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी परीक्षा

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने शनिवार को सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के लिए हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी) की परीक्षा करने की घोषणा की। अब एग्जाम में सवाल असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी में भी पूछे जाएंगे। भाषा का यह नया फॉर्मेट जनवरी 2024 से लागू होगा। दरअसल, सीएपीएफ में स्थानीय युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह फैसला किया गया है।

पटना में मेट्रो निर्माण के कारण फ्रेजर रोड से आवागमन में बदलाव

पटना। मेट्रो के निर्माण कार्य के लिए फ्रेजर रोड की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। गांधी मैदान से डाकबंगला चौराहे के बीच फ्रेजर रोड का पूर्वी फ्लैक बंद रहेगा। नई व्यवस्था के तहत डाकबंगला चौराहा से गांधी मैदान की ओर जाने वाले वाहनों को पहले की तरह डाकबंगला चौराहा से फ्रेजर रोड होते स्वामी नंदन तिराहा से गांधी मैदान तक जाने की अनुमति होगी। लेकिन, गांधी मैदान से डाकबंगला चौराहा आने वाले वाहनों के लिए स्वामी नंदन तिराहा से एसपी वर्मा रोड होकर न्यू डाकबंगला रोड से डाकबंगला चौराहा आने की अनुमति दी गई है।

दानापुर से बिहटा के बीच एलिवेटेड रोड के लिए टूटेंगे 300 घर

पटना। दानापुर से बिहटा के बीच एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 300 मकानों को तोड़ा जाएगा। इनमें कुछ मकान अधिगृहीत जमीन पर हैं। इन मकानों का अलग से मुआवजा मिलेगा। वहीं, कुछ मकान सरकारी जमीन में बने हैं, जिन्हें तोड़कर हटाया जाएगा। जिला प्रशासन के मुताबिक अधिगृहीत जमीन में बने मकानों का मूल्यांकन किया गया है। लेकिन, कुछ लोगों का आवेदन मिलने के बाद मूल्यांकन करने के लिए संयुक्त टीम गठित की जा रही है। एलिवेटेड रोड के लिए 19 मौजा में 64.15 एकड़ जमीन का अधिग्रहण चल रहा है। इसमें दानापुर स्टेशन के पास दो मौजा में करीब 10 एकड़ जमीन रेलवे की है। वहीं, 10 एकड़ जमीन सरकारी है। शेष 45 एकड़ जमीन का मुआवजा भुगतान होगा।

बिहार में शराब का कहर : जिला प्रशासन की टीम ने मौत का कारण डायरिया बताया

ये कैसी शराबबंदी... मोतिहारी में जहरीली शराब ने ली 22 लोगों की जान, कई भर्ती

- जहरीली शराब पीने से लगातार बढ़ रही है मरने वालों की संख्या
- अस्पताल में भर्ती मरीज बोले- शराब पीने के बाद उनकी बिगड़ी तबीयत

केटी न्यूज/पटना

बिहार में करीब 6 साल से शराबबंदी कानून लागू है। शराब पीना और बेचना कानूनन जुर्म है। इस कानून का पालन नहीं करने वालों को कठोर सजा का प्रावधान है। बावजूद इसके इस कानून की हकीकत क्या है वह किसी से छिपी हुई नहीं है। इसी कड़ी में शनिवार को पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में एक साथ 22 लोगों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। इनके मौत के पीछे की वजह जहरीली शराब बताई जा रही है। जबकि जिला प्रशासन की टीम इसे डायरिया की वजह से हुई मौत बता रही है। दर्जनभर लोग अभी भी इलाजरत हैं। सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर एस.एन. सिंह ने बताया कि जो भी मरीज भर्ती हैं उनका कहना है कि पहले उन्होंने शराब पी थी जिसके बाद तबीयत बिगड़ने लगी। तबीयत ज्यादा बिगड़ने के बाद लोग अस्पताल पहुंचे हैं। जिले के सुगौली, हरसिद्धि , पहाड़पुर , तुरकौलिया थाना क्षेत्रों के 22 लोगो के मरने की सूचना है।

डीएम ने भेजी मेडिकल टीम: मोतिहारी के जिलाधिकारी सौरभ जायसवाल ने बताया कि लोगों के मौत की सूचना मिली है। जहरीली शराब पीने की बात कही जा रही है। बीमार लोगों के इलाज के लिए मेडिकल टीम संबंधित गांवों में भेजी गई है। उत्पाद अधीक्षक के नेतृत्व में शराब के बिंदु पर जांच के लिए टीम बनाई गई है। सदर व अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी को संबंधित इलाके में जाकर तत्काल जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

घटना की सूचना मिलते ही मठ लोहियार गांव में उत्पाद विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस के वरीय अधिकारी पहुंचे। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मौत का कारण डायरिया बताया और बीमार पड़े लोगों को डायरिया से ग्रसित बताया। वहीं मृतक नवल दास के पड़ोसी हरीलाल सिंह की स्थिति नाजुक होने पर निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर, तुरकौलिया थाना इलाके में भी चार लोगों की मौत की सूचना है। तुरकौलिया के लक्ष्मीपुर गांव के एक युवक ने तुरकौलिया निजी क्लीनिक में, जबकि दूसरे ने मोतिहारी के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। गंभीर स्थिति में रेफर किए गए दो युवकों की देर शाम मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में मौत हो गई। दोनों स्थानों पर मौतें शराब से होने की आशंका जताई गई है। हालांकि, प्रशासन व पुलिस ने कहा है कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर पता चलेगी।

ये है मृतकों की सूची

तुरकौलिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले 1. रामेश्वर राम 35 वर्ष पिता महेंद्र राम, 2. ध्रुप पासवान 48 वर्ष, 3.अशोक पासवान 44 वर्ष, 4. छोटू कुमार 19 वर्ष विंदेश्वरी पासवान, 5. जोखू सिंह 50 वर्ष घर गोखुला, 6.अभिषेक यादव 22 जसीन पूर, 7. ध्रुव यादव 23 वर्ष जसिन पूर, 8. मैनेजर सहनी 32 वर्ष, 9. लक्ष्मण मांझी 33 वर्ष, 10. नरेश पासवान 24 वर्ष पिता गणेश पासवान घर मथुरापुर थाना तुरकौलिया, 11. मनोहर यादव पिता सीता यादव माधवपुर थाना तुरकौलिया, हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मृतक-12. सोना लाल पटेल 48 वर्ष घर धवई नन्हकार थाना हरसिद्धि, 13. परमेंद्र दास..घर.. मठ लोहियार, 14. नवल दास...घर..मठ लोहियार ,पहाड़पुर थाना के मृतक, 15. टुनटुन सिंह, घर बलुआ थाना पहाड़पुर, 16. भुटन माझी, घर बलुआ थाना पहाड़पुर, 17.बिट्टू राम,घर बलुआ, सुगौली थाना क्षेत्र के मृतक, 18.सुदीश राम,घर गिद्धा, 19.इन्द्रशन महतो, घर गिद्धा, 20.चुलाही पासवान,घर गिद्धा, 21.कौवाह में गोविंद ठाकुर,घर कौवाहां, 22.गणेश राम,घर बड़ेया।

विजय सिन्हा ने शराब कांड की न्यायिक जांच की मांग

मोतिहारी में जहरीली शराब से हुई मौतों पर सियासत शुरू हो गई है। बीजेपी ने नीतीश सरकार पर मौत के आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया है। पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने दावा किया कि पूर्वी चंपारण जिले में बीते दो दिन के भीतर जहरीली शराब से 22 लोगों की जान जा चुकी है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने इस कांड की न्यायिक जांच की कराने की मांग की है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी कहा कि सरकार और कितने लोगों की जहरीली शराब से जान लेगी। पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि पूर्वी चंपारण जिले में 22 से ज्यादा गरीब-पिछड़े लोगों की जहरीली शराब से मौत हो चुकी है। राज्य सरकार आंकड़े छिपाने में लगी है। मौत का कारण डायरिया या अज्ञात बीमारी बताया जा रहा है। प्रशासन द्वारा घर-घर जाकर दबाव बनाया जा रहा है कि पीड़ित परिवार मृतकों का पोस्टमार्टम न कराएं। अस्पताल में इलाज की व्यवस्था नहीं है, वर्ना आधे से ज्यादा लोगों को बचाया जा सकता था।

पीड़ित परिवारों को मिले 4-4 लाख मुआवजा : सुशील मोदी

बीजेपी नेता सुशील मोदी ने मोतिहारी के साथ ही छपरा में हुए शराबकांड के पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा मिलना चाहिए। इसकी नीति बनाने के लिए नीतीश सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाए। पटना हाई कोर्ट ने पिछले दिनों जहरीली शराब से बीमार होने वाले लोगों के लिए एसओपी तय करने को कहा था, लेकिन राज्य सरकार यह भी नहीं कर पाई।

शाहजहांपुर में पुल से नीचे गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 11 की मौत, 30 घायल



एजेंसी/बरेली

उप्र के शाहजहांपुर में तिलहर-निगोही मार्ग पर बिरसिंगपुर गांव के पास कलश यात्रा के लिए जल भरने गर्रा नदी जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली रेलिंग तोड़कर पुल से नीचे गिर गई। हादसे के बाद घायलों को तिलहर सीएचसी लाया गया, जहां 11 श्रद्धालुओं को मृत घोषित कर दिया गया। 30 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 27 को रेफर किया गया है। हादसे के दौरान ट्रैक्टर से कूदकर चालक भाग गया। सूचना पर एडीजी पीसी मीना मौके पर पहुंच गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। ददरौल क्षेत्र के सुनौरा अजमतपुर गांव के रहने वाले आकाश तिवारी ने यहां भागवत कथा का आयोजन किया था। कथा शुरू होने से पहले शनिवार को दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों में करीब 100 श्रद्धालु गर्रा नदी से कलश में जल भरने के लिए जा रहे थे। एक ट्रैक्टर ट्रॉली गांव का सुबोध तिवारी और दूसरी ट्रैक्टर ट्रॉली सौरभ सिंह उर्फ गौरव चला रहा था।

ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ हादसा: दोपहर करीब ढाई बजे आगे चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवरटेक करने के प्रयास में सौरभ ने रफ्तार तेज की तो ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल की रेलिंग तोड़ती हुई नीचे जा गिरी। हादसे से पहले ही चालक सौरभ ट्रैक्टर से कूदकर भाग गया। घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। वहीं पीएम मोदी ने हादसे पर दुख भी जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुए हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

मुंबई-पुणे हाइवे पर बस खाई में गिरी, 12 लोगों की मौत

रायगढ़। महाराष्ट्र के रायगढ़ के खोपोली इलाके में मुंबई-पुणे हाइवे पर शनिवार को एक बस के खाई में गिर गई। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस पुणे से मुंबई जा रही थी। बस में हादसे के दौरान कुल 40-45 यात्री सवार थे। सड़क हादसे को लेकर पुलिस का कहना है कि ड्राइवर का बस से कंट्रोल छूटने के चलते ये बड़ा हादसा हुआ। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ये बस पुणे के पिंपल गुरवा से गोरेगांव जा रही थी। रायगढ़ एसपी सोमनाथ घार्गे ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

बाइक सवार बदमाशों ने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर की हत्या

एजेंसी/प्रयागराज

पुलिस कस्टडी में स्वास्थ्य जांच के लिए शनिवार देर राहत कॉल्विन अस्पताल ले जाते समय माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की मेडिकल कॉलेज के पास मीडिया कर्मी बनकर आए बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस के साथ-साथ प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। खबर लिखे जाने तक मौके पर भारी फोर्स के साथ-साथ कई वरिष्ठ अफसर पहुंच गए थे।

गोलीबारी में एक सिपाही भी घायल होने की सूचना है।उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ चार दिन की पुलिस कस्टडी में थे। शनिवार को तीसरे दिन धूमनगंज थाने के लॉकअप में बंद अतीक व अशरफ से एटीएस ने हथियार तस्करी की बाबत पूछताछ की थी। रात लगभग साढ़े दस बजे



जब दोनों को रूटीन मेडिकल चेकअप के लिए कॉल्विन अस्पताल ले जाया जा रहा था। तभी मीडियाकर्मी बनकर दो बदमाश बाइक से आए और ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी।

सावधान... बिहार में 24 घंटे में कोरोना के 129 नए मरीज मिले

पटना। बिहार में कोरोना का खतरा का एक बार फिर बढ़ने लगा है। पिछले 24 घंटे में 129 नए मरीज मिले। इनमें पटना के 60 मरीज हैं। बिहार में सितंबर के बाद पहली बार नए केस 100 से ज्यादा मिले हैं। आखिरी बार 15 सितंबर 2022 को 106 नए केस मिले थे। वहीं, नए केस में बढ़ोतरी के बाद एक्टिव केस में भी लगातार इजाफा हो रहा है। शनिवार को एक्टिव केस 316 से बढ़कर 412 हो गया है। अकेले पटना एक्टिव केस की संख्या 224 है। जबकि मुजफ्फरपुर और भागलपुर में 22, खगड़िया में 20 और मुंगेर में 18 एक्टिव मरीज हैं।



यात्रा के लिए 17 से शुरू होगा पंजीकरण, पवित्र गुफा से सुबह व शाम की आरती का होगा सीधा प्रसारण

62 दिनों की अमरनाथ यात्रा इस साल एक जुलाई से होगी शुरू

एजेंसी/जम्मू

अमरनाथ यात्रा 2023 के शुरू होने की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। पहली बार 62 दिन की श्री अमरनाथ यात्रा इस साल एक जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा रक्षा बंधन 31 अगस्त तक चलेगी। यात्रा के लिए पूरे देश में पंजीकरण 17 अप्रैल से शुरू होगा। बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा से सुबह व शाम की आरती का सीधा प्रसारण होगा। देश-दुनिया में बैठे श्रद्धालु रोजाना बाबा बफार्नी की आरती का लाभ उठा सकते हैं। यात्रा दोनों ट्रैक अनंतनाग जिले में पहलगाम तथा गांदरबल जिले में बालटाल से होगी। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा की तिथियों का एलान किया। ज्ञात हो कि इससे पहले 2009 में यात्रा 60 दिन की रही थी। इसी तरह 2010 में 55



दिन, 2013 में 55 दिन और वर्ष 2017 में 59 दिन की यात्रा हुई थी। उप राज्यपाल ने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं तथा सेवा प्रदाताओं को बेहतरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही अन्य प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। दूरसंचार सेवाएं यात्रा शुरू होने से पहले ही उपलब्ध करा दी जाएंगी। श्रद्धालुओं के रहने, बिजली, पानी, सुरक्षा तथा अन्य प्रबंधों के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे ताकि समय पर सभी प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित हो जाएं।

उप राज्यपाल ने उच्च स्तर की सफाई सुविधा तथा कूड़ा निस्तारण के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि 31 मार्च को श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की हुई 44वीं बैठक में यात्रा शुरू होने की दो तिथियों 27 जून व एक जुलाई पर विचार किया गया था। इसके साथ ही पंजीकरण, हेलिकॉप्टर सुविधा, कैंप, लंगर सुविधा तथा यात्रियों के बीमा पर विचार किया गया था। श्रद्धालुओं को श्री अमरनाथ यात्रा एप से हर प्रकार की जानकारी सही समय पर मिलेगी। यात्रा, मौसम तथा ऑनलाइन सुविधाओं के बारे में इस एप से जानकारी मिल सकेगी।

छुआछूत का नहीं बल्कि संक्रामक रोग है टीबी, जानकारी जरूरी: सीडीओ

- खांसने और छीकने के समय मुंह-नाक पर रुमाल रखें मरीज
- स्किन या ब्लड टेस्ट के जरिए लेटेंट टीबी का लगाया जा सकता है पता

केटी न्यूज/बक्सर

आज टीबी यानी यक्ष्मा एक ऐसी बीमारी है जिसका समय पर इलाज शुरू होने से मरीज को बचाया जा सकता है। यदि समय पर इसका इलाज नहीं हुआ तो यह मरीज की जान भी ले सकती है। वैसे तो टीबी आम तौर पर फेफड़ों पर हमला करता है, लेकिन यह बीमारी शरीर के किसी भी भाग को प्रभावित कर सकती है। यह हवा के माध्यम से तब फैलता है, जब वे लोग जो सक्रिय टीबी संक्रमण से ग्रसित हैं, खांसी, छींक, या किसी अन्य प्रकार से हवा के माध्यम से अपना लार संचारित कर देते हैं। अधिकतर लोग यह मानते हैं कि टीबी एक छुआछूत की बीमारी है।

इस बीमारी से पीड़ित मरीज के कपड़े या बर्तन छूने से बीमारी फैलती है। हालांकि, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। इस बीमारी से पीड़ित मरीज को बस इतना ख्याल रखना है कि घर या बाहर में कहीं भी वह मुंह-नाक पर रुमाल रखकर खांसे या छीकें। मरीज का इलाज सही से चलता है तो दो-तीन हफ्तों में ही टीबी के फैलने की संभावना भी खत्म हो जाती है।

संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से ही फैलती है : डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, फ्लू की तरह हवा के जरिए फैलने वाले बैक्टीरिया से टीबी होता है। ये एक संक्रामक बीमारी है और किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से ही फैलती है। यदि किसी को एचआईवी, डायबिटीज, किडनी की बीमारी, सिर या गर्दन का कैंसर है या फिर किसी का वजन बहुत कम है तो उनको ये बीमारी आसानी से हो सकती है। इसके अलावा अर्थराइटिस, क्रोहन रोग और साईंरोसिस की दवाएं लेने वालों में भी टीबी होने की संभावना ज्यादा होती है। टीबी के लक्षणों की शुरूआत में खांसी के साथ बुखार भी आता जो अक्सर शाम को बढ़ जाता है। इस बीमारी में मरीज का वजन भी कम हो जाता है। मरीज को सांस लेने में भी परेशानी होती है। यही नहीं छाती में तेज दर्द होता और बलगम में खून भी आता है। जब भी खांसी 15 से अधिक दिनों तक बनी रहे तो डॉक्टर से तुरंत मिलें।



लेटेंट टीबी में बीमार नहीं पड़ते हैं लोग

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह डीएलईओ डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि ट्यूबरक्लोसिस दो तरह के होते हैं। पहला है लेटेंट टीबी, जिसमें आमतौर पर लोग बीमार नहीं पड़ते हैं। इसमें शरीर में कीटाणु तो होते हैं लेकिन आपका इम्यून सिस्टम इसे फैलने से बचा लेता है। ये संक्रामक नहीं होता है और इसमें लक्षण साफतौर पर दिखाई नहीं देते हैं। हालांकि शरीर में होने की वजह से ये कभी भी एक्टिव हो सकता है। दूसरे तरह के टीबी को एक्टिव टीबी कहते हैं। इसमें कीटाणु बहुत जल्दी पूरे शरीर में फैलने लगते हैं। जिससे लोग बीमार पड़ जाते हैं। उन्होंने बताया कि लेटेंट टीबी के कोई लक्षण नहीं होते हैं। स्किन या ब्लड टेस्ट के जरिए इसे पता लगाया जा सकता है। वहीं एक्टिव टीबी में तीन हफ्ते से ज्यादा तक कफ बना रह सकता है। छाती में दर्द, खांसी में खून आना, थकान, रात में पसीना आना, ठंड लगना, बुखार, भूख ना लगना और वजन कम हो जाना इसके मुख्य लक्षण हैं। अगर आपको इनमें से कोई लक्षण महसूस हो रहे हैं तो डॉक्टर से संपर्क कर अपना टेस्ट कराएं।

एक नजर

छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं आकांक्षा: डॉ. अरुण

जहानाबाद। जिले के मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दक्षिणी के पूर्वर्ती छात्रा आकांक्षा कुमारी ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा में 99.28 परसेंटाइल लाकर प्रदेश एवं जिले का नाम रौशन किया है। बेटी की इस सफलता से आकांक्षा की माता माता रूपम कुमारी एवं पिता प्रमोद कुमार (वरीय अधिवक्ता) काफी खुश हैं। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि जिले के विद्यार्थियों के लिए आकांक्षा प्रेरणा का स्रोत है। इन्होंने अपनी पढ़ाई अंक प्राप्त करने के लिए नहीं बलिक नॉलेज वृद्धि करने के लिए जारी रखी। जिसका परिणाम है की यूजीसी नेट परिणाम में अच्छे परसेंटाइल से उत्तीर्ण किया। हमें इनकी सफलता पर गर्व है। भविष्य में इससे भी और अच्छा करें इसके लिए हम आकांक्षा एवं इनके माता-पिता को शुभकामनाएं व्यक्त करते हैं। वहीं, स्कूल के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि परिश्रम कभी बेकार नहीं जाती। यह आकांक्षा ने सार्थक कर दिया है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य मृत्युंजय कुमार, रणधीर कुमार, राकेश कुमार, राजीव कुमार, योगेंद्र शर्मा, जी विनय कुमार एसके पांडे सर, राम प्रवेश शर्मा, अमित कुमार, अनुराग कुमार, उज्जवल कुमार, प्रवीण कुमार, रंगनाथ कश्यप, विनय कुमार, राजेश कुमार, शेर अहमद आदि ने भी इनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किए।



भुगतान लंबित रखने पर डीएम भड़के डीएम

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम के वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निदेश दिया गया। समीक्षा बैठक के क्रम में मखदुमपूर की संस्थागत प्रसव में सबसे कम उपलब्धि प्राप्त करने एवं सबसे ज्यादा लाभार्थी के भुगतान लम्बित रखे जाने पर रोष प्रकट करते हुए जिला पदाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मखदुमपूर को फटकार लगाते हुए निदेश दिया कि आपके द्वारा अवैध नर्सिग होम पर कार्रवाई करने एवं चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम के गहण अनुश्रवण से संबंधित कोई भी कार्य नही किया जा रहा है जिसके कारण ऐसी खराब उपलब्धि परीलक्षित हो रही है एवं अवैद्य नर्सिग होम में बच्चों तथा माताओं की मृत्यु हो रही है। बैठक में जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मखदुमपूर से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया। साथ हीं उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मखदुमपूर को यह भी निदेश दिया कि वे इस संबंध में विस्तृत विवरणी उपलब्ध करायेंगें कि किन परिस्थिति में नवजात की मृत्यु हूई तथा उस अवैध नर्सिंग होम के संचालन के पिछे रेफरल अस्पताल, मखदुमपूर के किन किन कर्मियों एवं आशा कार्यकत्ताओं के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी लेखापालों को सख्त निदेश दिया कि किसी भी स्थिति में लाभार्थियों का भूगतान लम्बित न रहे।



शराब की खेप के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

आरा। शनिवार को भोजपुर पुलिस ने लग्जरी गाड़ी से शराब की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। जिसमें पुलिस ने एक टाटा सफारी कार से अंग्रेजी शराब की बोतलों के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार भी किया। पुलिस ने कार से विभिन्न ब्रांड की करीब 160 लीटर अंग्रेजी शराब भी बरामद की है। शराब की यह खेप यूपी से बिहार लायी जा रही थी। गिरफ्तार तस्करों में बेगूसराय के बरौनी थाना क्षेत्र के पुराने चकिया टोला निवासी गांव सोनू कुमार और पटना के खुसरूपुर थाने के हबतपुर गांव निवासी मुरारी कुमार हैं। जो शुक्रवार की रात खवासपुर ओपी क्षेत्र के महुली घाट के पास से पकड़ाए। एसपी प्रमोद कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात सूचना मिली कि महुली पीपा पुल के रास्ते यूपी से लाल रंग की कार शराब की खेप लायी जा रही है। उस आधार पर तस्करों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को डीएसपी मुख्यालय विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर महुली घाट स्थित यात्री शेड के पास वाहन चेकिंग शुरू की गयी। तभी लाल रंग कार दिखी। तब पुलिस को देखते ही कार सवार लोग उतर कर भागने लगे। हालांकि पुलिस ने दो लोगों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार से 750 एमएल की 60 बोतल रॉयल स्टैग प्रीमियम,108 बोतल सुपीरियर व्हिस्की और 180 एम एल की 192 पीस एटपीएम बरामद की गयी। एसपी ने बताया कि दोनों यूपी से शराब खरीद आरा, पटना और बेगूसराय सहित अन्य जिलों में बिक्री करते हैं। इनके गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं। सभी अलग-अलग लग्जरी वाहनों से शराब की तस्करी करते हैं। सभी की पहचान करते हुए और धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। टीम में खवासपुर ओपी इंचार्ज सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।



जिला परिषद की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

जहानाबाद। जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को जिला परिषद की सामान्य बैठक माननीय विधायकगण एवं संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष संपन्न किया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता सुधा गुप्ता ने आगत अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया। जिसके बाद पूर्व की बैठक में दिए गये निदेशों का विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में षष्टम-राज्य वित्त आयोग अंतर्गत उपलब्ध राशि से वर्ष 2023-24 के लिए योजना सूची को पारित पर समीक्षा किया गया। बैठक में पंचम राज्य वित्त आयोग अंतर्गत उपलब्ध राशि से वर्ष 2023-24 के लिए योजना की सूची के पारित पर, 15वीं वित्त आयोग अंतर्गत उपलब्ध राशि से वर्ष 2023-24 के लिए योजना सूची को पारित करना, मनरेगा अंतर्गत जिला परिषद से योजना पारित, गठित स्थायी समितियों के संबंध में, जिला परिषद कार्यालय में संविदा के आधार पर नियुक्ति सहित अन्य मामलों पर समीक्षा विस्तार से करते हुए आवश्यक निदेश दिया गया। साथ ही, मनरेगा कार्य की समीक्षा की गई तथा कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को निदेश दिया गया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में ओआरएस घोल उपलब्ध कराया जाए तथा समुचित दवाओं की व्यवस्था रखने का निदेश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निदेश दिया गया कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या काफी बढ़ जाती है, जिसके कारण सभी चापाकलों की मरम्मति कराने का निदेश दिया गया। बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निदेश दिया गया कि जहां-जहां उद्यमी योजना के अंतर्गत नया उद्योग प्रारंभ हुए है, उसका प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। ताकि जिले के बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार से जोड़ जा सके। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालयों के भवनों की समीक्षा किया गया तथा निदेश दिया गया कि जहां-जहां भवन नहीं है, वहां यथाशीघ्र भवन निर्माण कराया जाए तथा जहां मरम्मति की आवश्यकता है उसे भी मरम्मति कराने का निदेश दिया गया। बैठक में खाद्य आपूत्रि की समीक्षा में सभी जन वितरण विक्रेता को कम अनाज देने से मना किया गया तथा निदेश दिया गया कि विभाग से ससमय खाद्यान्न का उठाव करे और लाभुकों को खाद्यान्न की आपूर्ति करने का निदेश दिया गया।



कर्नाटक से पटना लौटने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

आरा। शनिवार की सुबह दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कुल्हड़िया स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के पथरीघाट त्रिपोलिया निवासी नरेश मंडल का बेटा गुलशन कुमार बताया जा रहा है। वह कर्नाटक में मछली कंपनी में काम करता था। घटना की सूचना मिलने पर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। युवक के बड़े भाई राहुल कुमार ने बताया कि वह रविवार को पटना से कुछ लड़कों को लेकर मछली लोडिंग करने का काम करने के लिये कर्नाटक की मछली कंपनी में गया था।

उसके बाद भी वहां कुछ लड़कों की कमी हो गई। उसी सिलसिले में वह कुछ अन्य लड़कों को ले जाने कर्नाटक से पटना आ रहा था। शनिवार को वह ट्रेन पर चढ़ रहा था। तभी उसने उसे फोन कर कहा कि भाई तुम दानापुर स्टेशन चलाना मेरे पास पैसे नहीं है। इसके बाद उसने फोन रख दिया। इसी बीच यह घटना हो गई। इसके बाद आलमगंज थाना के स्टाफ द्वारा मामले की सूचना उन्हें मिली। बताया जा रहा है कि मृत युवक अपने दो भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में बहन शांति देवी, आरती देवी, राजकुमारी और भाई राहुल कुमार है।

अपराधियों के पास से पुलिस ने कट्टा, गोलियां, मोबाइल और बाइक बरामद की

डकैती की साजिश रचते लूटपाट करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना समेत चार गिरफ्तार

केटी नयूज/आरा

- जगदीशपुर व नारायणपुर में बाइक लूटकांड में संलिप्त हैं सभी अपराधी
- गिरोह के फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी

जिले के जगदीशपुर और नारायणपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों बाइक लूट की तीन घटनाओं का खुलासा भोजपुर पुलिस ने शनिवार को किया। जिसमें लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के मुख्य सरगना सहित चार लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लुटेरों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी गांव निवासी गुड्डू कुमार उर्फ गुड्डू यादव, डिहरी गांव निवासी नीतीश कुमार, बड़हरा थाना क्षेत्र के लाला के टोला बिट्टू कुमार और सहार थाने के बंशीडिहरी गांव निवासी अमृत कुमार शामिल हैं।

जिनके पास से पुलिस ने लुटेरों के पास से एक कट्टा, दो गोली, तीन खोखे, चार मोबाइल और लूटी गयी तीन बाइक बरामद की है। चारों को शुक्रवार की देर रात जगदीशपुर थाना क्षेत्र के असनी बनास नदी पुल के नजदीक डकैती की साजिश करते पकड़ा गया। पकड़े गए सभी अपराधियों के खिलाफ पूर्व से भी लूट और डकैती के दर्जन भर केस दर्ज हैं। जिसमें सभी जेल जा चुके हैं। लेकिन जेल से जमानत पर छुटने के बाद उन्होंने गत दिनों फिर से लूट की घटनाओं को अंजाम देना शुरू किया।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि जगदीशपुर इलाके में लूट की लगातार हो रही घटनाओं के बाद जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस क्रम में शुक्रवार की देर रात सूचना मिली कि असनी बनास नदी पुल के पास झाड़ी में कुछ अपराधी लूटपाट की साजिश कर रहे हैं। उस आधार पर टीम द्वारा छापेमारी की गयी। जहां से चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि अन्य भाग निकले। टीम फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लगातार छापेमारी कर रही है।

लूट की वारदातों को अंजाम दे मचा दी थी सनसनी : एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि इन अपराधियों का भोजपुर के बाहर भी इनका कनेक्शन है। जिसकी जांच की जा रही है। गत दिनों हुई लूट की तीन-चार घटनाओं को अंजाम देकर सनसनी मचा दी थी। लुटेरों में अबतक दो का आपराधिक इतिहास सामने आया है। एक के खिलाफ लूटपाट के दस तो दूसरे के खिलाफ एक केस मिले हैं। आसपास के जिलों की पुलिस को भी गिरफ्तारी की सूचना दी गयी है। उन जिलों में केस मिलने पर उस मामले में भी रिमांड किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जमानत पर आने के बाद अपराधियों द्वारा फिर लूटपाट की जाने लगी थी। पिछले नौ अप्रैल को जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौंरा मठिया और 11 अप्रैल को पीलापुर के पास बाइक व पैसे लूटे थे। 13 अप्रैल को नारायणपुर थाना क्षेत्र में भी लूटपाट की गयी। इनकी गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी सफलता है।

गुड्डू यादव पर लूट और डकैती के दस मामले : एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि उदवंतनगर थाने के सुढ़नी गांव निवासी गुड्डू कुमार उर्फ गुड्डू यादव पुलिस के लिए चुनौती बन गया था। वह अपना गिरोह बना लूटपाट और डकैती की घटनाओं को अंजाम देता था। वह गिरोह का मास्टरमाइंड था। उसके अलावे बिट्टू और फरार चल रहे अपराधियों में भी एक-दो गिरोह के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। गुड्डू कुमार उर्फ गुड्डू यादव के खिलाफ अबतक दस केस मिले हैं। सभी केस लूट और डकैती के हैं। उसमें उदवंतनगर थाने में तीन, गड़हनी में दो, जबकि नगर, नवादा, नारायणपुर, संदेश और जगदीशपुर थानों में एक-एक केस दर्ज है। एसपी के अनुसार गुड्डू अधिकतर मामलों में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की जा रही थी।



दो पीड़िताओं के खाते में भेजे गए सात लाख रुपए

केटी नयूज/जहानाबाद

- पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत पीड़िताओं को मिली राशि

पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने शनिवार को एक पीड़िता को चार लाख एवं मृतक की पत्नी को तीन लाख रुपए की धनराशि दी। यह राशि दोनों के खाते में ट्रांसफर किया गया। घोषी थाना क्षेत्र की एक पीड़िता को चार लाख रुपये की धनराशि जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ राकेश कुमार सिंह के द्वारा दी गई।

यह धनराशि पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत पीड़िता के खाते में ट्रांसफर की गई। वहीं, दूसरी ओर पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत अरवल थाना क्षेत्र में दो पहले एक वारदात में मृतक विजय कुमार की पत्नी के खाता में तीन लाख रुपए की धनराशि ट्रांसफर की गई। जिसमें बताया गया कि एक जनवरी 2021 को संध्या में मृतक विजय कुमार को अपराधियों के द्वारा मार-पीट कर जख़्मी कर दिया गया था। जिससे आनन-फानन में पटना रेफर किया गया था। लेकिन इलाज के दौरान विजय कुमार की मृत्यु हो गई थी। न्यायालय द्वारा दोनों पीड़िता को 12 अप्रैल को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत प्रतिकर देने का आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को प्राप्त हुआ था। उक्त आदेश को देखते हुए दोनों पीड़िता को खाते में राशि ट्रांसफर की गई।

शराब माफियाओं के खिलाफ बरतें सख्ती, सजा दिलाने के लिए रहें सक्रिय : अपर मुख्य सचिव

केटी न्यूज/जहानाबाद

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने शुक्रवार को यहां परिसदन में शराबबंदी को और प्रभावी तरीके से सफल बनाने को ले अधिकारियों को जरूरी हिदायतें दी। उन?होंने समीक्षा बैठक में डीएम रिची पांडेय, उत्पाद अधीक्षक नित्यानन्द प्रसाद, एएसपी, एसडीपीओ सहित संबंधित अधिकारियों को कई मुद्दों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन?होंने शराब माफियाओं पर और सख्ती बरतने तथा उन्हें शीघ्र सजा दिलाने के लिए अभियोजन से जुड़े लोगों को और सक्रियता दिखाने को कहा।

इससे पहले उन्हें यहां पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बैठक में उन्होंने उत्पाद विभाग द्वारा गिरफ्तारी, गाड़ियों की जब्ती, विदेशी शराब जब्ती की समीक्षा की गई। पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा धारा 37 के तहत पीने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी, कॉल सेंटर शिकायत पर सक्सेसफुल रेड तथा गिरफ्तारी, कॉल सेंटर की शिकायतों पर संबंधित पुलिस उपाधीक्षक द्वारा की गई छापेमारी की समीक्षा, संवेदनशील एरिया में छापेमारी जिले भर में पांच विदेशी शराब की सबसे बड़ी जब्ती के मामले अनुसंधान के क्रम में लोगों की गिरफ्तारी, ट्रायल की प्रगति जैसे मसलां पर उन्होंने बिंदुबार गहन समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने ऐसे कांड, जिसमें 60 दिन बीत गए हैं और चार्ज सीट अभी तक नहीं दाखिल हुई है, की भी समीक्षा की।

शराबबंदी कानून से संबंधित वारंट और समन के लंबित मामले, वैसी शराब की खेप जिसे जब्त किए गए 15 दिनों से अधिक हो गए हैं उनका विनष्टीकरण, वाहनों की नीलामी के निमित्त राज्यसात प्रारंभ करने की स्थिति, पुराने वाहनों की जब्ती राज्यसात होने के बाद नीलामी वाहन प्रक्रिया, जेल में धारा 37 में अभियुक्त बंदी की स्थिति, जीविका द्वारा खजूर से नीरा बनाने की स्थिति आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शराब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त व जरूरी दिशा निर्देश दिए। संबंधित ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आयुर्वेद व होम्योपैथी संस्थानों की जांच करना सुनिश्चित करें। ताकि स्प्रिट, प्रतिबंधित कफ सीरप की आवाजाही पर प्रभावी तरीके रोक लगायी जा सके।



लू के लक्षण दिखने पर चिकित्सकीय परामर्श है जरूरी

लू के थपेड़ों से रखें खुद को सुरक्षित, दिनचर्या में बदलाव करना जरुरी

- प्रचुर मात्रा में पानी के साथ साथ मौसमी फलों व ताजी सब्जियों का सेवन अनिवार्य

केटी न्यूज/आरा

गर्मी की शुरूआत से ही गर्म हवाओं का प्रकोप बढ़ने लगा है। ऐसे मौसम में गर्म हवाओं के कारण लू लगने की संभावनाएं बढ़ जाती है। बढ़ते तापमान के साथ चलने वाली गर्म तेज हवाओं से शरीर को सुरक्षित एवं अनुकूल करने के लिए खान-पान के साथ दैनिक दिनचर्या में बदलाव करना जरुरी है। साथ ही नवजात शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण में सुधार कर गर्मी के दुष्परिणामों से सुरक्षा प्रदान की जा सकती है। 6 माह तक के शिशुओं के लिए सिर्फ स्तनपान ही पर्याप्त होता है। गर्मी के कारण स्तनपान के साथ किसी भी प्रकार का तरल पेय पदार्थ या पानी बच्चों को नहीं देना चाहिए। गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक बार स्तनपान कराकर गर्मी के कारण होने वाली विभिन्न समस्याओं से बच्चों को सुरक्षित किया जा सकता है। साथ ही गर्भवती महिलाओं को गर्मी के मौसम में लू से बचने के लिए पोषक तत्वों के सेवन के अलावा प्रचुर मात्रा में पानी एवं मौसमी फलों और ताजी सब्जियों का सेवन जरुर करना चाहिए।

लू लगने पर चिकित्सकीय परामर्श लें : चिकित्सकों के अनुसार दोपहर में घर से निकलने से बचना चहिए या अधिक धूप की स्थिति में छाता का उपयोग करना चहिये। लू लगने की स्थिति में चिकित्सकीय परामर्श जरुरी है। ऐसे प्राथमिक उपचार के तौर पर लू लगने पर ओआरएस का घोल पीना चाहिए ताकि अतिसार से बचा जा सके। इसके इलाज के लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में पर्याप्त सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है।



ऐसे पहचाने लू के लक्षण

- तेज सिर दर्द का होना
- उल्टी या जी मचलाना
- बुखार का होना
- त्वचा का लाल, गर्म एवं सूखा होना (पसीना नहीं चलना)
- बेहोशी या चक्कर आना
- घबराहट या संशय का बढ़ जाना
- अत्यधिक आलस्य या सुस्ती का होना

पानी का सेवन करना फायदेमंद

गर्मी के बढ़ने से शरीर में पानी की मात्रा में तेजी से कमी आती है। इसलिए इस मौसम में प्रचुर मात्रा में पानी का सेवन करना फायदेमंद है। मौसमी फलों व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन भी शरीर में पानी की मात्रा को संतुलित करने में सहायक होता है।

- खाली पेट घर से बाहर नहीं निकलें
- सुपाच्य एवं हल्के भोजन का करें सेवन
- अत्यधिक शीतल पेय पदार्थों के सेवन न करें
- रात्रि में देर रात तक नहीं जागें एवं कम से कम 8 घन्टे की नींद जरुर लें
- अत्यधिक वजन से शरीर में अतिरिक्त ऊष्मा पैदा होती है। इसलिए अत्यधिक वजन वाले लोग गर्मी के दिनों में वसा युक्त भोजन सेवन करने से बचें।

खबरें फटाफट

गुरू शिष्य का रिश्ता शर्मसार, छात्र की पिटाई से शिक्षक जख्मी

कृष्णाब्रह्म। कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में गुरू शिष्य के रिश्ते को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। जिसमें छात्र ने अपने शिक्षक पर अन्य साथियों के साथ मिल जानलेवा हमला कर दिया है। इस हमले में शिक्षक गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। उन्होंने अपने कोचिंग से निकाले गए छात्र समेत कुल 11 लोगों पर मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार धरहरा निवासी अरूण कुमार सिंह कृष्णाब्रह्म में कोचिंग का संचालन करते है। जहा उनके कोचिंग में इसी थाना क्षेत्र क बड़का ढकाईच का एक छात्र अंशु गोस्वामी पढ़ता था। कुछ दिन पहले उन्होंने उसे किसी कारण से अपने कोचिंग से निकाल बाहर कर दिया था। जिससे खार खाए अंशु ने शुक्रवार की देर शाम अपने 10 अन्य साथियों के साथ अचानक उनके घर हमला बोल पिटाई कर दी। आरोपियों द्वारा लाठी डंडे, राड, चाकू आदि से मार शिक्षक को जख्मी कर दिया गया है। जख्मी शिक्षक का इलाज डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया है।

शादी की नीयत से युवती का अपहरण

नावानगर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी के नियत से एक युवती का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर युवती के पिता ने गांव के ही पांच युवकों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में युवती के पिता ने बताया है कि उनकी बेटी निजी कार्य के लिए बाहर गई थी। उसी समय गांव के पांच युवक शादी की नियत से मेरी बेटी को बहला फुसला कर अपहरण कर लिया है। इस संबंध थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि प्राप्त आवेदन पर पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर जल्द युवती की बरामदगी की जाएगी।

पुलिस ने होटल व लॉज में की छापेमारी

बक्सर। पुलिस क्राइम कंट्रोल को लेकर एक्शन में दिख रही है। पुलिस ने क्राइम कंट्रोल को लेकर शहर के सभी होटल एवं लॉज में एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान किसी भी होटल से कुछ आपत्तिजनक बरामद होने की सूचना नहीं है हालांकि इस कार्रवाई से होटल संचालकों के बीच हड़कंप मच गया। पुलिस ने होटल एक-एक कमरे को बारीकी से खंगाला और ठहरे हुए यात्रियों से पूछताछ की। छापेमारी का नेतृत्व नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्राइम कंट्रोल को लेकर छापेमारी की गई है।

एसपी का निर्देश... बैंक परिसर के आस-पास मंडराने वालों को हिरासत में ले करें पूछताछ

बैंकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस चौकन्नी बगैर पासबुक के बैंकों में प्रवेश पर रोक

- बिहार में पिछले 96 घंटों में बैंक लूट की दो बड़ी घटनाओं से मचा हड़कंप
- बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का दिया निर्देश
- सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सुबह से कर रहे गश्ती
- नया भोजपुर ओपी को खासतौर पर सर्तक रहने का दिया निर्देश

अरविंद कुमार चौबे/बक्सर

बिहार में पिछले 96 घंटों में बैंक लूट की घटनाओं ने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया है। सूबे के अलग-अलग बैंको से लगभग लूट की कई घटनाओं के बाद बक्सर पुलिस ऐसे संभावित लूट को रोकने के लिए एक्शन मोड में आ गई है। एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर जिलेभर के बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। एसपी मनीष कुमार ने हाल की घटनाओं के बाद कई निर्देश दिए है। जिसमें बैंकों में बिना खाता प्रवेश करने वालों से पूछताछ करने तथा संदिग्धों की गतिविधि पर नजर रखने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदू शामिल हैं। जिसको लेकर सभी थानाध्यक्षों द्वारा बैंकों की सुरक्षा को लेकर अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सुबह से गश्ती की जा रही है। जिसमें ग्रामीण बैंक, यूको बैंक, ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया आदि बैंक परिसरों में पुलिस प्रशासन द्वारा जांच की गई तथा संदिग्धों से आवश्यक पूछताछ भी की जा रही है।

बताते चलें कि चोर उचक्कों पर नजर रखने को लेकर बक्सर अनुमंडल व डुमरांव, अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर जाकर विधि व्यवस्था की जांच की गई और पुनः सुरक्षा की समीक्षा की गई है। एसपी मनीष कुमार ने एनएच 84 के किनारे स्थित नया भोजपुर ओपी को खास सर्तक रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि ये दोनों महत्वपूर्ण थाना है, जहां से यूपी व दियारे में जाने के लिए घटना के बाद अपराधी इस्तेमाल कर सकते है। इसलिए बैंकों में चौकस व्यवस्था के साथ ही साथ नया भोजपुर चौक, पुराना भोजपुर चौक व प्रताप सागर अस्पताल के पास एक-एक गश्ती टीम को रखे और हर आने-जाने वालों पर पैनी नजर रखे साथ ही बाइक चालकों की कमर व लग्जरी वाहनों की भी जांच करें। इसके अलावे वो कहां जा रहे है कहां के रहने वाले यह सब पूछताछ करें।

केस-1 13 अप्रैल 2023 को सोनपुर में पंजाब नेशनल बैंक में घुसे 5 बदमाशों ने होमगार्ड के 2 जवानों को गोली मार 13.68 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बदमाश बैंक के अंदर बदमाश दाखिल हुए। थोड़ी देर में सभी अपनी जेब से पिस्टल निकालते हैं। जैसे ही गार्ड एक्टिव होते हैं। अपराधी सीधे फायर करना शुरू कर देते हैं।

केस-2 12 अप्रैल 2023 को मोतिहारी में पांच बदमाशों ने आईसीआईसीआई बैंक से 40 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया। करीब तीन बजे दो बाइक पर सवार होकर पांच अपराधी बैंक पहुंचे। इसमें से एक बैंक के गेट पर रुके और चार ग्राहक बन बैंक में प्रवेश कर गए। मैनेजर कमलेश चौबे हथियार के बल पर कब्जे में ले कैश काउंटर पर रखे 40 लाख रुपए लूट लिये।

केस-3 15 मार्च 2023 को समस्तीपुर के दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक में चार की संख्या में घुसे बदमाशों ने बंदूक की नोक पर 15 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया। सुबह 10:40 बजे हेलमेट पहले 3 बदमाश बैंक के अंदर घुसे जबकि एक बदमाश गेट पर ही खड़ा रह गया। इसके बाद हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया।



एसपी मनीष बोले... बैंक व एटीएम की सुरक्षा पहली प्राथमिकता



एसपी मनीष कुमार ने केशव टाइम्स से बातचीत में कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता होती है बैंक की सुरक्षा। जिसको लेकर बार-बार क्राइम मिटिंग में सभी थानाध्यक्षों पर बैंक ड्यूटी में लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया जाता है। लेकिन मोतिहारी व सोनपुर में 52 लाख से अधिक लूट के बाद बैंकों व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था की पुनः समीक्षा की गई। अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है बैकिंग आवर में बैंक परिसर के आस-पास रोटेशन प्रणाली के तहत गश्ती वाहनों को रखें।

बिना काम के बैंक परिसर के चक्कर लगाने वाले जाएंगे जेलः एसपी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस के द्वारा पहले से ही बैंक आवर में सुरक्षा व्यवस्था दी जाती है। परन्तु मोतीहारी व सोनपुर में हुई घटना के बाद उसकों और कड़ी की गई है। इसके साथ सभी थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन एक बार बैंकों की सुरक्षा की जांच स्वंय करें। जहां खामियां हैं उसे दूर करने का प्रयास करें। एसपी ने कहा कि जिले के सभी थानों को वायरलेस के माध्यम से तत्काल कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसमें किसी उपभोक्ता को बिना पासबुक बैंकों में प्रवेश न करने दिया जाए। इसके अलावे बैंक परिसर के आस-पास अगर कोई भी बिना कार्य के मंडराता दिखता है तो उसे तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ करने तथा संदिग्ध गतिविधि वाले को जेल भेजने, बैंक में घुसने के पहले बैग व कमर की जांच के बाद ही प्रवेश करने देने, आदि निर्देश दिया गया है। वहीं सभी मुख्य व लूप सड़क मार्गों पर गश्ती को बढ़ाने को भी कहा गया है। एसपी ने बताया कि सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया है कि बंद सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत कराएं। वहीं मोटी रकम निकालने वाले ग्राहकों व सीएसपी संचालाकों की सूचना पुलिस को दे जिससे पुलिस उन्हें स्कॉट कर सुरक्षित घर तक पहुंचा सके।

छह लेयर की बनाई गई है सुरक्षा, सादे लिबास में तैनात रहेंगे पुलिस के शूटर

एसपी मनीष कुमार ने बताया कि बिहार के विभिन्न जिलों में हुई घटनाओं के बाद बक्सर पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा प्लान में कई फेर बदल किये है। जिसमें पहला सीसीटीवी कैमरा, दुसरा बिना पासबुक के बैंक में प्रवेश वर्जित, तीसरा साढ़े नौ से चार बजे तक बैंक परिसर के आस-पास गश्ती दल, चौथा बिना काम के बैंक परिसर के चक्कर काटने वालों को हिरासत में लेना। पांचवा सादे लिवास में अत्याधुनिक पिस्टल के साथ एक्सपर्ट शुटरों की तैनाती, छठवां एनएच 120 व हाई पर लगातार गश्ती दल का भ्रमण है।

बैंक प्रबंधन भी लापरवाह, सीसीटीवी की नजर कमजोर

पुलिस सूत्रों कि मानें तो बैंकों की सुरक्षा को लेकर बैंक परिसरों व उनके गेटों पर और एटीएम आसपास लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की नजर भी रात के समय में कमजोर पड़ने लगी है। धोखाधड़ी की वारदात के बाद बैंक प्रबंधन और पुलिस ने मिलकर सुरक्षा की योजना के साथ बैंकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इसके आलावा सुरक्षा गार्ड की अतिरिक्त व्यवस्था भी की गई थी, लेकिन रात के समय सुरक्षा गार्ड दिखाई नहीं देते हैं।

क्या कहते है एलडीएम

जिले के एलडीएम जेके वर्मा ने बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों को लेकर कुल 156 बैंक है। एटीएम की संख्या 105 है जबकि विभिन्न बैंकों की सीएसपी की संख्या 371 है। सभी शाखाओं को सीसीटीवी दुरूस्त कराने व संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्तकाल पुलिस को देने का निर्देश दिया गया है।

एक नजर

भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया कार्यसमिति का विस्तार, सौरभ तिवारी को युवा मोर्चा की कमान



बक्सर। भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने अपने कार्यसमिति का विस्तार करते हुए कई लोगों को नई जिम्मेदारी दी है। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी सूची में सबसे चर्चित व युवा चेहरा सौरभ तिवारी का है। जिन्हें युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वही महिला मोर्चा की निवर्तमान जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी पर एक बार फिर से विश्वास जताते हुए नये जिलाध्यक्ष ने उन्हें फिर से महिला मोर्चा की कमान सौंपी है। इसके अलावे नवीन राय, जितेन्द्र दूबे, मनोज सिंह, सुनील सिंह तथा सुनील कुमार को प्रवक्ता बनया गया है। जबकि जयप्रकाश राय को किसान मोर्चा का अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस सूची के जारी होने के बाद नये पदाधिकारियों को बधाई देने वालों का तांता लगा गया है। बता दें कि सौरभ तिवारी बक्सर के छात्र राजनीति के चर्चित व संघर्षशील नाम रहा है। वे वर्ष 2002 से 2011 तक विद्यार्थी परिषद में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किए और बक्सर विद्यार्थी परिषद में 4 बार जिला संयोजक के पद पर रहें। वर्ष 2011 से हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश मंत्री के रूप में कार्य देख रहे थे। जिले के छात्र युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय सौरभ की पहचान गंगा सफाई अभियान से भी है। उन्हें गंगा पुत्र कहा जाता है। जबकि संघ परिवार व केन्द्रीय मंत्री अष्विनी कुमार चौबे के वे काफी नजदीकी भी है। इसके पहले वे भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भी रह चुके है। भाजयुमो का जिलाध्यक्ष बनने पर सौरभ ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसपर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। सौरभ को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में कतवारू सिंह, मिथिलेश पांडेय, पूनम रविदास, धन्नजय राय, अनुराग श्रीवास्तव, राहुल दुबे, धनजी सिंह, विकास राय समेत अन्य शामिल हैं।

21 को डुमरांव में होगा केशरवानी वैश्य समाज का परिवार मिलन समारोह



डुमरांव। केशरवानी वैश्य समाज का परिवार मिलन समारोह 21 अप्रैल को आयोजित किया गया है। समाज द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। नगर के स्टेशन रोड स्थित कनक भवन में होने वाले इस आयोजन को लेकर सदस्यों के बीच जिम्मेवारियों का बंटवारा कर दिया गया है। वही अधिक से अधिक लोगों को इस समारोह में शामिल कराने का प्रयास किया जा रहा है। नगर सभा के अध्यक्ष राजेंद्र केसरी ने बताया कि तैयारी जोरों पर है सबका सहयोग प्राप्त हो रहा है, कार्यक्रम सफल होना तय है। शनिवार को समाज की एक बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम की रूप रेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में राजेन्द्र केशरी के साथ ही तरुण सभा अध्यक्ष अखिलेश केसरी, मनोज केशरी, दिलीप केशरी, जय किशन केसरी, संजय केशरी आदि मौजूद थे।

शिक्षकों ने बीडीओ को मांग पत्र सौंप नई शिक्षक बहाली नियमावली पर जताया विरोध

डुमरांव। नई शिक्षक नियमावली 2023 के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन चरणबद्ध तरीके से शुरू होने लगा है। इसी कड़ी में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शनिवार को डुमरांव नगर परिषद, प्रखंड, केसठ व नावानगर के शिक्षकों ने संघ द्वारा निर्धारित किए गए मांग पत्र को बीडीओ व ईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा है। जानकारी के अनुसार संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा बिहार के तत्त्वावधान में डुमरांव में नगर परिषद ईओ एवं बीडीओ को अपनी मांगों के समर्थन में शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 वापस लेने हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग किया गया। मांगों में पूरे बिहार के किसी भी कोटि के नियोजित शिक्षकों को शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 वापस करते हुए एक साथ सभी कोटि के शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दिए जाने की मांग थी। शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने मांग पत्र नगर परिषद एवं प्रखण्ड कार्यालय में सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में उपेंद्र पाठक नवनीत कुमार तबरेज आलम अंशुमान सिंह धीरज पांडेय दीपक कुमार जितेन्द्र ठाकुर किशन राय जगजीवन राम विजय कुमार मनोज सिंह संतोष कुमार गौतम कुमार आरती केशरी मधु कुमारी अनिता यादव आदि शामिल हुए। वही दूसरी तरफ केसठ में अध्यक्ष अजय कुमार विक्रांत के नेतृत्व में शिक्षक नियमावली 2023 के विरोध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे। वही नावानगर में शिक्षकों ने बीडीओ के अनुपस्थिति में प्रखंडकर्मी सुरेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा।

नप की उपचेयरमैन ने डीएम के सामने खोली भ्रष्टाचार की पोल, लगाए कई गंभीर आरोप

केटी न्यूज/बक्सर





बक्सर नगर परिषद की उपचेयरमैन इशरत बानो और उनके प्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता रामजी सिंह ने जिलाधिकारी से मिलकर कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम के कार्यकाल में एजेंसी द्वारा मिलीभगत करके प्रत्येक माह 66 लाख का भुगतान किए जाने के संबंध में अवगत करवाकर कार्रवाई की अपील की है। ज्ञात है कि शहर में साफ सफाई पिछले कई माह से बुरी तरह चरमराई है वहीं कॉन्ट्रैक्ट का सारा पैसा प्रति माह 66 लाख रुपए अभी तक पूरा नगर परिषद से स्वच्छता एजेंसी के नाम पर निकाला जाता रहा जिसको लेकर पूर्व में भी रामजी सिंह ने खुलकर अनेक मंचों पर आवाज उठाया गया है। शनिवार को जिले के नये डीएम अंशुल अग्रवाल के सामने इस गंभीर शिकायत के आने के बाद डीएम काफी सख्त दिखें। उन्होंने जल्दी ही जांच करा कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। रामजी ने बताया है कि इससे पूर्व में भी कार्यपालक पदाधिकारी पिछले कार्यक्षेत्र में बिक्रमगंज नगर परिषद में आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले में वहां के जिलाधिकारी द्वारा जांच करने पर सम्मिलित पाई गई हैं। बावजूद नगर विकास विभाग द्वारा उनपर कार्रवाई के बदले उन्हें बक्सर का ईओ बना दिया गया है।

80 बीघे से अधिक खेत के गेहूं के डंठल में लगी आग, पशुचारा जला



केटी न्यूज/केसठ

प्रखंड के केसठ पश्चिमी बधार में शनिवार की दोपहर गेंहू के डंठल में भयंकर आग लग गई। गेहूं के कट चुके खेत में पड़े डंठल में आग पकड़ने के चलते एक-एक खेत से होते हुए लगभग 80 बीघे से अधिक खेत के डंठल जल गया। हालांकि, गेहूं कट जाने से अनाज का नुकसान तो इस आग से नहीं हुआ, लेकिन पूरे इलाके में आग की दहशत फैल गई। धुएं का गुबार पूरे इलाके में फैल गया। ग्रामीणों द्वारा आगलगी की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा को दी गई। जिसके बाद डंठल में लगी आग को बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ी व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की ओर से कला भवन में शिविर का आयोजन, डीएम ने 74 दिव्यांगजनों को दिया बैट्री चालित मोटराईज्ड ट्राई साइकिल

दिव्यांगजनों ने अदम्य साहस की बदौलत विविध क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है: डीएम

केटी न्यूज/बक्सर





शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने कला भवन बक्सर में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग बक्सर द्वारा आयोजित शिविर में कुल 74 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल वितरित किया है। बैट्री चालित ट्राई साइकिल के अलावे भी दिव्यांगजनों को उनके उपयोग के हिसाब से अन्य सहायक उपकरण का वितरण भी इस शिविर में किया गया। यह वितरण समारोह में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना के संबल योजना अंतर्गत उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि दिव्यांगजनों ने अपनी प्रतिभा व अदम्य साहस के बदौलत विविध क्षेत्रों यथा खेल, सेवा, विज्ञान क्षेत्र एवं अन्य में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें सहायता देने के लिए सरकार द्वारा कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिनका लाभ लेकर आप अपने जीवन को और भी सुदृढ़ कर सकते हैं। इस दौरान डीएम ने दिव्यांगजनों मोटराईज्ड ट्राई साइकिल वितरित किया। ट्राई साइकिल वितरण के पश्चात जिला पदाधिकारी ने श्रवण बाधित दिव्यांगों द्वारा निर्मित कला वस्तु का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वे उनकी कला को देख दंग हो गए। उन्होंने जमकर उनकी कलाकारी की सराहना की और उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने कहा कि आप अपने प्रदर्शन को आगे बढ़ाए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ट्राई साइकिल पाने वाले दिव्यांगजनों के चेहरे पर प्रसन्नता देखी गई। कार्यक्रम में डीडीसी डा महेन्द्र पाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, सहायक कोषागार पदाधिकारी, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उनवास पहुंचे डीएम जाति गणना के दूसरे फेज का किया निरीक्षण, प्रगणकों को दिए निर्देश

बक्सर। शनिवार से शुरू हुए जातीय जनगणना के दूसरे फेज की जांच करने डीएम अंशुल अग्रवाल इटाढ़ी प्रखंड के उनवास पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों तथा चार्ज पदाधिकारी के कार्यों को देखा तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने चार्ज पदाधिकारी को प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के कार्यों का प्रतिदिन अनुश्रवण करने को लेकर निर्देशित किया है। जिससे त्रुटिरहित जाति गणना को समय से पूरा किया जा सके। वहीं गणना का कार्य ससमय पूरा किया जा सके। इसके साथ ही आयोग के निर्देश के आलोक में कार्य करने को लेकर सभी जाति गणना में लगे कर्मियों को निर्देशित किया।

कैंसर अस्पताल को था अमृत महोत्सव का इंतजारः दुगार्शंकर मिश्र

❐ मुख्य सचिव ने जननायक चंद्रशेखर कैंसर इंस्टीट्यूट का किया निरीक्षण

केटी न्यूज/बलिया



उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र ने इब्राहिमपट्टी स्थित जननायक चंद्रशेखर कैंसर इंस्टीट्यूट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कक्षो में जाकर मरीजों से बातचीत की और उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ संजय को इस कार्य के लिए बधाई दी कि बहुत कम समय में उन्होंने अस्पताल को बहुत बेहतर बनाया है। उसके उपरांत मुख्य सचिव ने अस्पताल के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जहां पर कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिस्ट कैंसर इंस्टिट्यूट के डॉ आरके धीमन और जननायक चंद्रशेखर कैंसर इंस्टिट्यूट के डॉक्टर संजय के बीच एक अनुबंध पर समझौता हुआ।

हमारे पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी ने इस इंस्टीट्यूट के निर्माण का सपना देखा था, लेकिन उनका सपना उनके जीवित रहते नहीं पूरा हो सका। शायद अस्पताल अमृत महोत्सव काल का इंतजार कर रहा था। अब इंस्टीट्यूट पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है जिसमें पांच महीने के अंदर ग्यारह हजार लोगों का इलाज हो चुका है। साथ ही कैंसर पीड़ितों का भी इलाज चल रहा है। मुख्य सचिव ने परिवहन मंत्री के साथ मिलकर बीस हजार किलो लीटर के ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन भी किया।

मुख्य सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि भारत 2047 तक विकसित देशों में शामिल हो जाए लेकिन मेरा पूर्ण विश्वास है कि देश इससे पहले ही विकसित देशों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा की देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश का विकास होगा तो प्रदेश का विकास होगा, प्रदेश का विकास होगा तो जनपद और गांव का विकास होगा।

अस्पताल के साथ-साथ विश्वविद्यालय व स्पोर्ट्स कॉलेज को भी मुख्य सचिव ले गोद : पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र और राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने मुख्य सचिव को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उनके पिता जी का सपना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य सचिव के योगदान से पूरा हुआ है। इसके लिए उनका जीवन भर आभारी रहूंगा। उन्होंने जिलाधिकारी बलिया को धन्यवाद दिया कि इसके लिए उन्होंने भरपूर सहयोग दिया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि मुख्य सचिव इस अस्पताल के साथ जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय और स्पोर्ट कॉलेज को भी गोद ले। जिससे कि हमारे युवाओं को शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों मिल सके।

चंद्रशेखर जी ने बलिया को पूरे विश्व में पहचान दिलाईः परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर ने बलिया का नाम पूरे विश्व में पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री के सहयोग से पूर्वांचल का विकास किया है । इसका आगाज हो चुका है इस अस्पताल के निर्माण हो जाने से न केवल बलिया जनपद बल्कि जनपद के आसपास के सभी क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा मिलेगी और जननायक कैंसर इंस्टीट्यूट मिनी पीजीआई के रूप में विकसित होगा। मौके पर बलिया डीएम रवीन्द्र कुमार व एसपी राजकरण नैयर के साथ मऊ डीएम अरुण कुमार व आजमगढ़ मंडल के मंडलायुक्त मनीष चौहान उपस्थित थे।

एक नजर

कैंडिल मार्च निकाल छात्रों ने दी हेमंत को श्रद्धांजलि

बलिया। हेमंत यादव के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए छात्रों व समाजसेवियों ने शनिवार को रजवाड़ से कैंडिल मार्च निकाला।



इस दौरान छात्रों ने हेमंत के हत्यारों को फांसी दो-फांसी दो, हेमंत यादव अमर रहे का नारा गूंजायमान किया। इस दौरान कैंडिल मार्च अलावलपुर गांव आकर समाप्त हुआ। गौरतलब हो कि बीते मंगलवार को सतीश चंद्र कॉलेज के पास कुछ युवकों ने टीडी कालेज के छात्रनेता पकड़ी थाना क्षेत्र के धड़सरा निवासी हेमंत यादव पर हमला कर दिया था। हेमंत की बचाव में आए साथी सुखपुरा थाना क्षेत्र के जीराबस्ती निवासी आलोक यादव के साथ भी हमलावरों ने मारपीट की। दोनों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद हेमंत को रेफर कर दिया। परिजन हेमंत को लेकर मऊ के निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतक के भाई सचिन यादव ने 9 नामजद और 7 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवाया। मामले में एसपी राजकरन नय्यर ने एएसपी डीपी तिवारी के नेतृत्व में तीन टीमें गठित के। टीमों ने 24 घंटे के अंदर ही 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद मुख्य आरोपी शिप्रांत सिंह गौतम को भी गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन बावजूद हेमंत यादव के समर्थकों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है और वे हत्यारोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है।

विश्व तीरंदाजी प्रतियोगिता में रोहित का चयन

गाजीपुर। जमानियां क्षेत्र के द्रोणा तीरंदाजी एकेडमी के पूर्व खिलाड़ी रोहित कुमार ने अपना सपना साकार करते हुए पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन आयरलैंड के लिमरेक में होने वाले विश्व युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए किया गया है, जहां मेडल जीतकर वो जिला व प्रदेश सहित पूरे देश का नाम रोशन करेंगे। हरियाणा के सोनीपत स्थित साईं सेंटर में आयोजित छह दिवसीय चयन प्रतियोगिता में देश भर से खिलाड़ी आए थे। इस दौरान वहां रिकर्व स्पर्धा के जूनियर कैटेगरी में रोहित ने भारतीय टीम में तीसरे स्थान पर चयनित होकर नाम रोशन किया। वर्तमान में रोहित खेलो इंडिया के तहत झारखंड के बिरसा मुंडा एकेडमी में हैं। उनके कोच रहे सतीश दुबे ने बताया कि उनका ये अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है और वो स्वयं भी चयन प्रतियोगिता में शामिल रहे। बताया कि जमानियां की धरती से एक और अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज प्रदेश व देश को मिलने जा रहा है। बता दें कि पूर्व में खुद सतीश दुबे व अविनाश ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का परचम लहराया था। इस उपलब्धि पर जिला तीरंदाजी संघ के सचिव नंदू दुबे ने रोहित को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कोच कमल किशोर, मुनेंद्र, अजय, अनिल, चंद्र प्रकाश, रोहित, प्रमोद, संदीप, शुभम, कृष, खुशी, अंजली, विकास, आशुतोष आदि रहे।



8 दिवसीय श्रीविष्णु पंचकोशी महायज्ञ का शुरू

मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के जमालपुर पोखरा निकट टाउन इंटर कॉलेज के समीप आठ दिवसीय श्रीविष्णु पंचकोशी महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को प्रातः कलश यात्रा निकालकर किया गया। कलश यात्रा में लगभग एक हजार की संख्या में कन्याओं व महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। जो नारे लगाते हुए जमालपुर पोखरे से चलकर शहीद चौराहा, विजय स्तंभ, चौक कैलेंडर तिराहा, तमसा नदी तट के पश्चात पुनः प्रवचन स्थल पर पहुंची। इस कलश यात्रा में हाथी, घोड़े, पालकी के साथ विष्णु पंचकोशी महायज्ञ के मुख्य संचालक मनोज यादव एवं उनके पदाधिकारियों द्वारा कलश यात्रा निकालने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के पश्चात प्रत्येक दिन सायंकाल विभिन्न जनपद से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का भी कार्यक्रम आयोजित है और 23 अप्रैल को एक भव्य भंडारा भी आयोजित किया गया है। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस कलश यात्रा के दौरान विजय स्तंभ चौक पर समाजसेवी एवं पूर्व अध्यक्ष संत गणिनाथ पीजी कॉलेज दीपक गुप्ता डायमंड द्वारा कन्याओं महिलाओं एवं कलश यात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं के बीच मिष्ठान तथा पानी का बोतल वितरण किया गया। इस कलश यात्रा को कुशल पूर्वक संपन्न कराने के लिए चौकी प्रभारी कस्बा गंगाराम बिंद ,कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, मिथिलेश गुप्ता, बिलाल खान समेत महिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहें।



डीएम ने पर्टियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

मऊ। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को लेकर एक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर जिलाधिकारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता जनपद में लागू हो गई है। मऊ जनपद में कुल 11 नगरीय निकायों में निर्वाचन कराया जाना है, जिसमें नगर पालिका परिषद भी शामिल है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 11 नगरीय निकायों के 196 वार्डों में कुल 176 मतदान केंद्र एवं 607 मतदान स्थल बनाए गए हैं। चुनाव के दौरान कुल 5 लाख 23 हजार 900 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने वहां उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता सभी पर समान रूप से लागू होती है। यह सभी को समान अवसर भी देती है। आदर्श आचार संहिता का पालन करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक भी है। जिलाधिकारी ने समस्त प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान पालन करें। अगर कहीं से भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला संज्ञान में आता है, तो उच्च अधिकारियों को सूचित करें। जनपद में नगरीय निकायों को सकुशल संपन्न कराने के लिए आदर्श आचार संहिता का पालन आवश्यक है। अगर कोई इसका उल्लंघन करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने उपस्थित प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान लड़ाई-झगड़े से दूर रहने को कहा। किसी भी प्रकार की शिकायत संज्ञान में आने पर विधिक प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए। साथ ही कानून को अपने हाथ में न लेने की चेतावनी भी दी। बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी भानु प्रताप सिंह के साथ भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बीएसपी, राष्ट्रीय लोक दल, समाजवादी पार्टी सहित कई अन्य दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सांसद अफजाल व मुख्तार अंसारी के खिलाफ 29 को फैसला



गाजीपुर। एमपी/एमएलए कोर्ट सांसद अफजाल अंसारी व मुख?तार अंसारी के खिलाफ गैंगेस?टर के मामले में अब 29 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। फैसले को लेकर जनपद न्यायालय परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर में भारी सुरक्षा-व्यवस्था तैनात थी। जनपद न्यायालय को चारों तरफ से सील कर दिया गया था। अधिवक्ताओं और वादी के अलावा किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं थी। सांसद अफजाल अंसारी निर्धारित समय से कोर्ट में पेश हो गये थे। कोर्ट ने कार्रवाई के बाद फैसले को 29 अप्रैल तक टाल दिया है। बता दें कि 22 नवंबर 2007 को मुहम्मदाबाद पुलिस ने विभिन्न मामलों में शामिल करते हुए गैंग चार्ट में सांसद अफजाल व मुख्तार अंसारी को गिरोहबंद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस व गवाही के बाद फैसला 15 अप्रैल को निश्चित किया था, लेकिन आज फैसले को 29 अप्रैल के लिए टाल दिया गया है।

हाई-वे के पास बदमाशों ने खुद को घिरता हुआ देख पुलिस टीम पर की फायरिंग

कार्रवाई : पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी समेत दो गिरफ्तार, गोली लगने से एक अपराधी जखमी

केटी न्यूज/गाजीपुर



■ जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी की फायरिंग, अंधेरे का फायदा उठाकर भागा एक अपराधी

सदर कोतवाली पुलिस टीम ने देर रात हुई मुठभेड़ में एक अपराधी को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके दूसरे साथी को भागते समय धर दबोचा। पुलिस टीम को यह सफलता शुक्रवार की देर रात मीरनपुर सक्का हाइ-वे के पास मुठभेड़ में मिली। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अपनी टीम भूतहियाटांड़ पर चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान रात्रि 11:15 बजे उन्हें सूचना मिली कि एक बाइक पर सवार दो बदमाश सम्राट ढाबा की तरफ से आते हुए दिखाई दिए हैं। नजदीक आने पर जब उक्त बदमाशों को पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया, तो बदमाश पुलिस टीम पर फायर करते हुए शादियाबाद की तरफ भागने लगे। इसकी सूचना प्रसारित करते हुए पुलिस टीम ने पीछा किया तो आगे मीरनपुर हाई-वे मोड़ के पास मौजूद उपनिरीक्षक शिवाकान्त मिश्रा द्वारा घेराबन्दी करके पीछा किया गया।

जबकि भूतहिया टांड़ मोड तिराहे पर मौजूद स्वाट टीम द्वारा भी सूचना के क्रम में घेराबंदी की गई। मीरनपुर सक्का हाई-वे के पास बदमाशों द्वारा अपने को घिरता हुआ देख पुलिस टीम पर फायरिंग किया गया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जबावी कार्रवाई करते हुए जबावी फायरिंग की। जिसमें एक बदमाश को गोली लग गई और दूसरा मौके से अंधेरे में भागने का प्रयास किया। उसे घेर कर पुलिस टीम द्वारा मय तमंचे के साथ पकड़ लिया गया। घायल बदमाश विवेक राय उर्फ रावण पुत्र मुन्ना राय निवासी ग्राम गडुआ मकसूदपुर थाना सुहवल गाजीपुर का निवासी है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। घायल बदमाश थाना कोतवाली व थाना सुहवल में हुई हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त है।

वहीं पकड़ा गया दूसरा अभियुक्त शशिभूषण शर्मा उर्फ भोलू पुत्र श्रीकान्त शर्मा निवासी ग्राम भगीरथपुर थाना सुहवल जनपद गाजीपुर का है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से दो देशी तमंचा व आठ कारतूस व एक मोटर साइकिल बरामद हुआ।

अधेड़ की पीट-पीटकर कर हत्या, आरोपी फरार

गाजीपुर। सुहवल थाने के कालूपुर गांव में कुत्ता को लेकर उपजे विवाद ने एकाएक तूल पकड़ लिया। कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने एक अधेड़ की पीटकर हत्या कर दी।

इलाके के कालूपुर गांव में कुत्ता भौंकने को लेकर पप्पू यादव (50) पुत्र स्व. राम अवतार यादव और गजाधर यादव, गोविंद यादव तथा गोलू यादव के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गजाधर, गोविंद और गोलू ने पप्पू की ईंट-पत्थर से जमकर पिटाई कर दी। परिजनों ने तत्काल नजदीकी सुहावल थाने को घटना की सूचना दी। उधर पप्पू को जख्मी हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल गाजीपुर लाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। बता दें कि एक दूसरे के घर कुत्ता भौंकने को लेकर विवाद शुरू हुआ। इसके पहले भी आरोपियों और मृतक के बीच विवाद होते रहता था। आरोपी और मृतक 11 अप्रैल 2023 को शाम सात बजें कुत्ता भौंकने को लेकर विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि एक दूसरे के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में पप्पू को गंभीर चोट आने पर परिजन उसे गाजीपुर जिला अस्पताल लेकर गए। हालत गंभीर होने पर वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां 14 अप्रैल अपराह्न दो बजे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही मारपीट करने वाले गजाधर, गोविंदा और गोलू तीनों फरार चल रहे हैं। सुहवल थाना प्रभारी का कहना है कि दबिश दी जा रही है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बिहार के रहने वाले दवा प्रतिनिधि ने बलिया में फांसी लगाकर की आत्महत्या

केटी न्यूज/बलिया

♦ मोबाइल व लैपटाप को कब्जे में लेकर जांच में जुटी पुलिस



शहर कोतवाली क्षेत्र के चंद्रशेखर नगर में एक दवा प्रतिनिधि ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया। दवा प्रतिनिधि नितेश पांडेय बिहार प्रांत के मेहरवा सिवान का रहने वाला है। घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है। नितेश पांडेय चंद्रशेखर नगर में अकेले ही किराए पर रहते थे। दवा कंपनी मिराकस में प्रतिनिधि (एमआर) का कार्य करते थे। सुबह साथी एमआर ने ड्यूटी के लिए कई फोन करने के बाद भी नहीं उठाया तो कमरे पर पहुंच गए। कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने इसकी जानकारी अधिकारी व पुलिस को दी। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने कमरे का फाटक तोड़ा, अंदर का नजारा देख सभी के होश उड़ गए। फंदे पर नितेश का शव लटका था। चन्द्रशेखर नगर चौकी प्रभारी पीएन मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसके साथ ही मोबाइल, लैपटॉप व अन्य जरूरी सामान कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

अगलगी में पांच घर के लोग हुए बेघर

बलिया। सुरेमनपुर दियराचंल के गोपाल नगर में शनिवार की सुबह ही अज्ञात कारणों से लगी आग में पांच लोगों के रिहायसी मड़हे व उसमें रखें खाद्यान्न, कपड़े, फर्नीचर, नगदी सहित लाखों रुपए मूल्य के समान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के घंटों अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची थी। वहीं आग लगी की सूचना पर मौके पर नुकसान का जायजा लेने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल राजू यादव भी पहुंच गए थे।

बताया जाता है कि अज्ञात कारणों से सरस्वती देवी पत्नी बृजेश यादव के रिहायसी मड़हे में आग लग गई और धू-धू करके मड़हा जलने लगा। बेकाबू आग की लपटो ने पार्वती देवी पत्नी राजेश यादव, दीनानाथ यादव, उमाशंकर यादव, अवधेश यादव आदि के रिहायशी मड़हे को चपेट मे लिया। पलक झपकते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पांच मड़हे जल कर खाक हो गये। आग लगने के कारण पूरे गांव में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग अपने-अपने रिहायसी मड़हे पर पानी डालने लगे। वहीं दर्जनों ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चलाकर आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। लेखपाल राजू यादव ने बताया कि नुकसान का जायजा ले लिया गया है। तहसील से सहायता के लिए तत्काल रिपोर्ट भेजा जा रहा है।



हर घर जल ग्राम संतृप्तिकरण सम्मेलन एवं संवाद में शामिल हुए मुख्य सचिव दुर्गा प्रसाद

जनपद में हर घर जल योजना से 75 गांव हो चुके हैं संतृप्तः मुख्य सचिव

केटी न्यूज/मऊ



मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा का जनपद मऊ में व्यस्त कार्यक्रम रहा। इस दौरान उन्होंने अपनी ग्राम सभा पहाड़ीपुर खिरिया में आयोजित जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल ग्राम संतृप्तिकरण सम्मेलन एवं संवाद के आयोजन में सम्मिलित हुए। साथ ही प्राथमिक विद्यालय पहाड़ीपुर खिरिया में शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा स्मार्ट क्लासेज एवं प्रभावी शिक्षण के संदर्भ में आयोजित कार्यशाला के अलावा गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के रसायन प्रयोगशाला के लोकार्पण कार्यक्रम में भी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने वहां पर उपस्थित मंत्री, संसद सदस्य, माननीय विधायक एवं मुख्य सचिव का स्वागत करते हुए वहां पर उपस्थित लोगों को जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति से विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस दौरान जल जीवन मिशन पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर जल योजना के तहत संतृप्त गांव के ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल ग्राम संतृप्तिकरण सम्मेलन एवं संवाद के आयोजन में अपने संबोधन के दौरान मुख्य सचिव ने वहां पर उपस्थित सभी लोगों का अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नए एवं विकसित भारत के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना, जो पूरे देश में लागू की जा रही है, वह प्रधानमंत्री की साहस का ही नतीजा है। मेरा गांव 100% इस योजना से संतृप्त हो चुका है। इसके साथ ही पूरे जनपद में 75 गांव हर घर जल योजना से संतृप्त हो चुके हैं। अगले डेढ़ साल में पूरा जनपद इस योजना से संतृप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के लागू होने से बहुत लोगों को रोजगार का अवसर भी मिला है, इसके अलावा हर घर जल योजना के तहत हर नल में जल की पहुंच के साथ ही पानी की बचत भी हो रही है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार का पूरा प्रयास है कि जल संरक्षण का कार्य किया जाए। इसके तहत सरकार प्रत्येक गांव में अमृत सरोवर का भी निर्माण कर रही है। अब तक 10,000 से भी ज्यादा अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है। जल संरक्षण की योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही सरकार वृक्षारोपण को भी बढ़ावा दे रही है, जिससे पर्यावरण की रक्षा के साथ ही साथ लकड़ी उद्योग को भी बढ़ावा मिले।

इस दौरान मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर जी की भी तारीफ की। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं हर घर जल योजना के कार्यक्रमों की सफलता में मुख्य सचिव जी का अहम योगदान रहा है।